कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी राम दीन हितकारी लिरिक्स

भीलनी परम तपश्विनी शबरी जाको नाम
गुरु मतंग कह कर गए तोहे मिलेंगे राम

कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी
कब दर्शन देंगे राम दीन हितकारी
रास्ता देखत शबरी की उमर गयी सारी

कही कोई काँटा कांटा प्रभु को नहीं चुभ जाये
पग पग पगछारे चुन चुन पुष्प बिछाए
मीठे फल चख कर नित्य सजाये थारी
रास्ता देखत शबरी की उम्र गयी सारी
कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी

श्री राम चरण में प्राण बसे शबरी के
प्रभु दर्शन दे तो भाग जगे शबरी के
रघुनाथ प्राणनिधि पर जीवन बलिहार
कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी

कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी
कब दर्शन देंगे राम दीन हितकारी
रास्ता देखत शवरी की उमर गयी सारी